अमर उजाला 9-10-2024

कैडेटों ने कॉलेज परिसर में किया पौधरोपण

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की एनसीसी गर्ल्स विंग ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कैडेट्स को प्रोत्साहित किया। उन्हों नेबताया कि प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना व्यर्थ है। सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने कहा कि हम गर्मी से बेहाल है, उसका कारण पेड़ों का न होना ही है। ग्लोबल वॉर्मिंग पृथ्वी की बहुत बड़ी चुनौती है, जिसे आप सभी युवा मिलकर ही खत्म कर सकते हैं। पौधरोपण के बाद प्राचार्य और सीटीओ समेत सभी कैडेटों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। संवाद